# Part-II / भाग-II

. Consider the following statements about Carl O. Sauer :

a. He was a British cultural geographer.
b. He supported environmental determinism.
c. He emphasized the concept of cultural landscape.

Which of the above statements is/are correct ?

(1) a and b only (2) b and c only
(3) a only (4) b only

51. कॉर्ल ओ. सॉवर के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

a. वे एक ब्रिटिश सांस्कृतिक भूगोलवेत्ता थे।
b. वे पर्यावरणीय नियतिवाद के समर्थक थे।
c. उन्होंने सांस्कृतिक दृश्यभूमि की अवधारणा पर बल दिया ।

उपरोक्त में से कौन सा/से कथन सही है/हैं ?

(1) केवल a और b (2) केवल b और c
(3) केवल a (4) केवल c

2. Match List-I with List-II and select the correct answer using the code given below :

| List-I (Theory/Principle) | List-II (Proponent) |
|---|---|
| (i) Growth Pole Theory | (a) Hoyt |
| (ii) Sector Theory | (b) Harris & Ullman |
| (iii) Multiple Nuclei Theory | (c) Perroux |
| (iv) Concentric Zone Theory | (d) Burgess |

**Code :**

(1) (i)-(c), (ii)-(a), (iii)-(b), (iv)-(d)
(2) (i)-(a), (ii)-(b), (iii)-(c), (iv)-(d)
(3) (i)-(c), (ii)-(b), (iii)-(a), (iv)-(d)
(4) (i)-(d), (ii)-(c), (iii)-(b), (iv)-(a)

52. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर को चुनिए :

| सूची-I (सिद्धान्त/अवधारणा) | सूची-II (प्रतिपादक) |
|---|---|
| (i) विकास ध्रुव सिद्धान्त | (a) होयट |
| (ii) खण्ड सिद्धान्त | (b) हैरिस एवं उलमैन |
| (iii) बहुनाभिकीय सिद्धान्त | (c) पेरोक्स |
| (iv) संकेन्द्रीय वलय सिद्धान्त | (d) बर्गेस |

**कूट :**

(1) (i)-(c), (ii)-(a), (iii)-(b), (iv)-(d)
(2) (i)-(a), (ii)-(b), (iii)-(c), (iv)-(d)
(3) (i)-(c), (ii)-(b), (iii)-(a), (iv)-(d)
(4) (i)-(d), (ii)-(c), (iii)-(b), (iv)-(a)

53. According to Von Thunen's theory the economic profit of a farmer depend on which among the following variables ?

a. Selling price
b. Demand
c. Production expenses
d. Transport cost

**Code :**

(1) Only a, b and d (2) Only a, c and d
(3) Only a and d (4) a, b, c and d

53. वॉन थ्यूनेन के सिद्धान्त के अनुसार एक कृषक का आर्थिक लाभ निम्नलिखित में से किन चरों पर निर्भर करता है ?

a. विक्रय मूल्य
b. माँग
c. उत्पादन लागत
d. परिवहन लागत

**कूट :**

(1) केवल a, b तथा d (2) केवल a, c तथा d
(3) केवल a तथा d (4) a, b, c तथा d



Scanned with OKEN Scanner

54. Gerrymandering refers to -

(1) Fair and Equal division of Electoral constituencies.

(2) Adoption of a uniform system of direct voting by all citizens.

(3) Changing constituency boundaries to favour a particular political party.

(4) Appointment of an Election Commission for conducting free and fair elections.

55. Which among the following book was not written by Ptolemy ?

(1) Geographike Syntaxis

(2) Historical Memories

(3) Almagest

(4) Anaelema

56. The 'East Indian Ridge' of Indian Ocean is also called as :

(1) Macquarie ridge

(2) Owen fructure zone

(3) Ninety degree eastern ridge

(4) Seventy degree eastern ridge

57. The Chi-square test is used to measure which of the following ?

(1) Difference between two Arithmetic means

(2) Magnitude of standard deviation of a dataset

(3) Degree of linear correlation between two variables

(4) Goodness of fit between observed and expected frequencies

58. National Waterway-6 (NW-6) is stretched at :

(1) Mahanadi Delta (Odisha)

(2) Udyogmandal Canal (Kerala)

(3) Barak River (Assam)

(4) Sadiya-Dhubari (Brahmputra River)

59. Which discontinuity is found between the outer core and the inner core ?

(1) Moho discontinuity

(2) Lehmann discontinuity

(3) Guttenberg discontinuity

(4) Repetti discontinuity

54. गेरीमैण्डरिंग संदर्भित है -

(1) चुनावी-क्षेत्रों का निष्पक्ष और समान विभाजन करना ।

(2) सभी नागरिकों द्वारा समान रूप से प्रत्यक्ष मतदान प्रणाली अपनाना ।

(3) किसी विशेष राजनीतिक दल के पक्ष में निर्वाचन-क्षेत्र की सीमाओं में परिवर्तन करना ।

(4) स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव संचालन हेतु चुनाव आयोग की नियुक्ति करना ।

55. निम्नलिखित में से कौन सी पुस्तक टॉलेमी द्वारा रचित नहीं थी ?

(1) ज्योग्राफिका सिन्टेक्सिस

(2) हिस्टोरिकल मेमोरीज़

(3) अलमेजस्ट

(4) एनेलिमा

56. हिन्द महासागर की 'ईस्ट इण्डियन कटक' यह भी कहलाती है :

(1) मैक्वायर कटक

(2) ओवेन फ्रैक्चर ज़ोन

(3) नब्बे डिग्री पूर्वी कटक

(4) सत्तर डिग्री पूर्वी कटक

57. काई-स्क्वैयर परीक्षण का उपयोग निम्नलिखित में से किसके मापन के लिए किया जाता है ?

(1) दो अंकगणितीय माध्यों के बीच अंतर का परीक्षण

(2) आँकड़ा-समूह के मानक विचलन की मात्रा का मापन

(3) दो चरों के बीच रेखीय सहसम्बन्ध की मात्रा का मापन

(4) प्रेक्षित एवं अपेक्षित आवृत्तियों के बीच उपयुक्तता का परीक्षण

58. राष्ट्रीय जलमार्ग-6 (NW-6) फैला हुआ है :

(1) महानदी डेल्टा (ओडिशा) में

(2) उद्योगमण्डल झील (केरल) में

(3) बराक नदी (असम) में

(4) सदिया-धुबरी (ब्रह्मपुत्र नदी) में

59. बाह्य अन्तरतम एवं आन्तरिक अन्तरतम के मध्य कौन सी असम्बद्धता पायी जाती है ?

(1) मोहो असम्बद्धता

(2) लेहमन असम्बद्धता

(3) गुटेनबर्ग असम्बद्धता

(4) रेपेटी असम्बद्धता

60. PFS (Pseudo F-Statistics) system is used for :
(1) Crop diversification
(2) Agricultural regionalisation
(3) Crop concentration
(4) Crop productivity

61. Consider the following statements :
a. Nitrogen plays a significant role in the growth of living organism.
b. Water vapour is uniformly distributed throughout the atmosphere.
c. Aerosols influence the colour of the sky.
Which of the above statements is/are correct ?
(1) a and c (2) a, b and c
(3) Only a (4) a and b

62. With reference to the demographic transition theory, consider the following statements :
a. It shows transition from high to low fertility and mortality.
b. It is linked with socio-economic change from agrarian to industrial society.
c. It explains population change only through migration.
d. It helps predict future population growth.
Which of the above statements are correct ?
(1) b, c and d only (2) a, b and d only
(3) a and c only (4) a, b, c and d

63. Which among the following is <u>not</u> correctly matched ?
**Steel Plant (India) – Location**
(1) Posco Steel Plant – Paradwip
(2) Tata Steel Plant – Kalinganagar
(3) Jindal Steel and Power Ltd. – Raigarh
(4) Dolvi Steel Plant – Sarguja

64. Henry Ford established his automobile industry in Detroit due to –
(1) Maximum profit location
(2) Market location (3) Least cost location
(4) Personal reason for location (Hometown)

60. पी एफ एस (छद्म-एफ-सांख्यिकी) पद्धति उपयोग में ली जाती है :
(1) शस्य वैविधिकरण हेतु (2) कृषि प्रादेशीकरण हेतु
(3) शस्य सन्केन्द्रण हेतु (4) शस्य उत्पादकता हेतु

61. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :
a. नाइट्रोजन जीवों की वृद्धि में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती है ।
b. जलवाष्प पूरे वायुमण्डल में समान रूप से वितरित रहता है ।
c. एयरोसॉल आकाश के रंग को प्रभावित करते हैं ।
उपर्युक्त में से कौन सा/से कथन सही है/हैं ?
(1) a और c (2) a, b और c
(3) केवल a (4) a और b

62. जनसांख्यिकीय संक्रमण सिद्धांत के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :
a. यह उच्च जन्म दर एवं उच्च मृत्यु दर से निम्न जन्म दर एवं निम्न मृत्यु दर की ओर संक्रमण को दर्शाता है ।
b. यह कृषि प्रधान से औद्योगिक समाज की ओर सामाजिक-आर्थिक परिवर्तन से संबंधित है ।
c. यह जनसंख्या परिवर्तन को केवल प्रवासन के माध्यम से समझाता है ।
d. यह भविष्य की जनसंख्या वृद्धि का अनुमान लगाने में सहायक है ।
उपरोक्त में से कौन से कथन सही हैं ?
(1) b, c और d केवल (2) a, b और d केवल
(3) a और c केवल (4) a, b, c और d

63. निम्नलिखित में से कौन सा सुमेलित <u>नहीं</u> है ?
**स्टील प्लाण्ट (भारत) – अवस्थिति**
(1) पॉस्को स्टील प्लाण्ट – पाराद्वीप
(2) टाटा स्टील प्लाण्ट – कलिंगनगर
(3) जिन्दल स्टील एण्ड पॉवर लि. – रायगढ़
(4) डोल्वी स्टील प्लाण्ट – सरगुजा

64. हेनरी फोर्ड ने अपने ऑटोमोबाइल उद्योग की स्थापना डेट्रायट में किस कारण से की ?
(1) अधिकतम लाभ स्थान (2) बाज़ार स्थान
(3) न्यूनतम लागत स्थान
(4) स्थान चयन का व्यक्तिगत कारण (गृह नगर)


10930
Scanned with OKEN Scanner

65. Which one of the following is not an environmental consequence of the Green Revolution ?
(1) Increase in bio-diversity
(2) Waterlogging
(3) Ground water depletion
(4) Increase in soil salinity and alkalinity

66. Match List-I with List-II and choose the correct answer using the code given below :

| List-I (Biosphere Reserve) | List-II (State) |
|---|---|
| (i) Nokrek | (a) Assam |
| (ii) Agasthyamalai | (b) Meghalaya |
| (iii) Similipal | (c) Tamil Nadu |
| (iv) Manas | (d) Odisha |

**Code :**
(1) (i)-(d), (ii)-(b), (iii)-(c), (iv)-(a)
(2) (i)-(b), (ii)-(d), (iii)-(a), (iv)-(c)
(3) (i)-(c), (ii)-(a), (iii)-(d), (iv)-(b)
(4) (i)-(b), (ii)-(c), (iii)-(d), (iv)-(a)

67. Arrange the following water bodies in the correct sequence from West to East :
a. Strait of Hormuz
b. Arabian Sea
c. Persian Gulf
d. Gulf of Oman
Select the correct answer using code given below :
**Code :**
(1) c, a, d, b
(2) a, c, b, d
(3) d, b, c, a
(4) c, d, a, b

68. The concept of 'Primate City' was introduced by
(1) Mark Jefferson
(2) August Losch
(3) Walter Christaller
(4) Brian Berry

69. India has proposed which of the following names to the WMO/ESCAP list of tropical cyclone names for the North Indian Ocean ?
(1) Arnab
(2) Akvan
(3) Murasu
(4) Senyar

65. निम्नलिखित में से कौन सा एक हरित क्रान्ति का पर्यावरणीय परिणाम नहीं है ?
(1) जैव-विविधता में वृद्धि
(2) जलभराव
(3) भूजल का क्षय
(4) मृदा लवणता एवं क्षारीयता में वृद्धि

66. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए :

| सूची-I (जीवमण्डल रिजर्व) | सूची-II (राज्य) |
|---|---|
| (i) नोकरेक | (a) असम |
| (ii) अगस्त्यमलाई | (b) मेघालय |
| (iii) सिमिलीपाल | (c) तमिलनाडु |
| (iv) मानस | (d) ओडिशा |

**कूट :**
(1) (i)-(d), (ii)-(b), (iii)-(c), (iv)-(a)
(2) (i)-(b), (ii)-(d), (iii)-(a), (iv)-(c)
(3) (i)-(c), (ii)-(a), (iii)-(d), (iv)-(b)
(4) (i)-(b), (ii)-(c), (iii)-(d), (iv)-(a)

67. निम्नलिखित जल निकायों को पश्चिम से पूर्व के सही क्रम में व्यवस्थित कीजिए :
a. होर्मुज़ जलडमरूमध्य
b. अरब सागर
c. फारस की खाड़ी
d. ओमान की खाड़ी
नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :
**कूट :**
(1) c, a, d, b
(2) a, c, b, d
(3) d, b, c, a
(4) c, d, a, b

68. 'प्राइमेट सिटी' (प्रधान नगर) की अवधारणा किसने प्रस्तुत की ?
(1) मार्क जेफरसन
(2) अगस्त लॉश
(3) वाल्टर क्रिस्टालर
(4) ब्रायन बेरी

69. उत्तर हिंद महासागर के उष्णकटिबंधीय चक्रवातों के लिए WMO/ESCAP की नाम सूची में भारत द्वारा निम्नलिखित में से कौन सा नाम प्रस्तावित किया गया है ?
(1) अर्नब
(2) अकवान
(3) मुरासु
(4) सेन्यार


Scanned with OKEN Scanner

**70.** Arrange the following spectral region in increasing order of wavelength :

a. Visible Range
b. X-Ray
c. Microwave
d. Ultraviolet

Select the answer using the code given below :

**Code :**

(1) d, b, a, c (2) c, a, d, b
(3) a, c, b, d (4) b, d, a, c

**71.** Which among the following is/are correct about the 'Demographic Transition Model' of Thompson and Notestein ?

a. Decline in mortality comes before the decline in fertility.
b. Fertility eventually decline to match mortality.
c. Socio-economic transformation and demographic transformation of a society take place simultaneously.

**Code :**

(1) a, b and c (2) Only c
(3) Only b and c (4) Only a and b

**72.** The spatial structure of an economy consists of the :

(1) One-dimensional spread
(2) Multi-dimensional spread
(3) Two-dimensional spread
(4) Three-dimensional spread

**73.** Which among the following pair is <u>not</u> matched correctly ?

**GPS - Country/Agency**

(1) NAVSTAR - France
(2) GLONASS - Soviet Russia
(3) GAGAN - India
(4) GALILEO - European Space Agency

**70.** निम्नलिखित स्पेक्ट्रल क्षेत्रों को तरंगदैर्ध्य के बढ़ते क्रम में व्यवस्थित कीजिए :

a. दृश्य प्रकाश रेंज
b. एक्स-किरण
c. माइक्रोवेव
d. पराबैंगनी

नीचे दिए गए कूट का उपयोग कर उत्तर चुनिए :

**कूट :**

(1) d, b, a, c (2) c, a, d, b
(3) a, c, b, d (4) b, d, a, c

**71.** थॉम्पसन तथा नोटेस्टीन के 'जनसांख्यिकीय संक्रमण मॉडल' के अनुसार निम्नलिखित में से कौन सा/से सही है/हैं ?

a. मर्त्यता में ह्रास उत्पादकता में ह्रास से पहले शुरू होता है ।
b. फिर धीरे-धीरे उत्पादकता में भी मर्त्यता के अनुरूप ह्रास शुरू होता है ।
c. जनसांख्यिकीय संक्रमण के साथ ही समाज का सामाजिक-आर्थिक रूपान्तरण होता है ।

**कूट :**

(1) a, b तथा c (2) केवल c
(3) केवल b तथा c (4) केवल a तथा b

**72.** एक अर्थव्यवस्था की स्थानिक संरचना में शामिल है :

(1) एक-आयामी विस्तार (2) बहु-आयामी विस्तार
(3) दो-आयामी विस्तार (4) तीन-आयामी विस्तार

**73.** निम्नलिखित में से कौन सा युग्म सुमेलित <u>नहीं</u> है ?

**जीपीएस - देश/एजेन्सी**

(1) नेवस्टार - फ्रांस
(2) ग्लोनास - सोवियत रूस
(3) गगन - भारत
(4) गैलीलियो - यूरोपियन स्पेस एजेन्सी



Scanned with OKEN Scanner

74. Match the following :

| List-I (Local Winds) | List-II (Region) |
|---|---|
| (i) Mistral | (a) Egypt |
| (ii) Khamsin | (b) Rhone valley (France) |
| (iii) Chinook | (c) Southern Australia |
| (iv) Brick fielder | (d) Rockies (USA) |

Code :

(1) (i)-(d), (ii)-(c), (iii)-(a), (iv)-(b)
(2) (i)-(a), (ii)-(b), (iii)-(d), (iv)-(c)
(3) (i)-(b), (ii)-(a), (iii)-(c), (iv)-(d)
(4) (i)-(b), (ii)-(a), (iii)-(d), (iv)-(c)

75. The Western Ghats and The Eastern Ghats meet each other at which of the following hill ranges ?

(1) Nilgiri Hills (2) Anaimalai Hills
(3) Cardamom Hills (4) Palani Hills

76. Consider the following statements :
a. Vector data stores objects as points, lines and polygons.
b. Raster data generally store information as grid cell (pixels).
c. Raster data generally requires less storage than vector data.
Which of the above statements is/are correct ?

(1) a only (2) a, b and c
(3) b and c only (4) a and b only

77. "Geography is that discipline that seeks to describe and interpret the variable character from place to place of the earth as home of man." Who gave this definition ?

(1) Ratzel (2) Hartshorne
(3) Hetner (4) E.C. Sample

74. निम्नलिखित को मिलाएँ :

| सूची-I (स्थानीय पवनें) | सूची-II (क्षेत्र) |
|---|---|
| (i) मिस्ट्रल | (a) मिस्र |
| (ii) खमसिन | (b) रोन घाटी (फ्रांस) |
| (iii) चिनूक | (c) दक्षिण ऑस्ट्रेलिया |
| (iv) ब्रिक फिल्डर | (d) रॉकीज (यूएसए) |

कूट :

(1) (i)-(d), (ii)-(c), (iii)-(a), (iv)-(b)
(2) (i)-(a), (ii)-(b), (iii)-(d), (iv)-(c)
(3) (i)-(b), (ii)-(a), (iii)-(c), (iv)-(d)
(4) (i)-(b), (ii)-(a), (iii)-(d), (iv)-(c)

75. पश्चिम घाट और पूर्वी घाट निम्नलिखित में से किस पर्वतमाला पर एक दूसरे से मिलते हैं ?

(1) नीलगिरि पहाड़ियाँ (2) अन्नामलाई पहाड़ियाँ
(3) कार्डमम पहाड़ियाँ (4) पलनी पहाड़ियाँ

76. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :
a. वेक्टर डेटा मॉडल में वस्तुओं को बिन्दु, रेखा तथा बहुभुज में संगृहीत किया जाता है ।
b. रास्टर डेटा मॉडल में सूचनाओं का भण्डारण ग्रिड कोशिकाओं (पिक्सेल) के रूप में किया जाता है ।
c. रास्टर डेटा मॉडल को सामान्यतः वेक्टर डेटा मॉडल की तुलना में कम भण्डारण की आवश्यकता होती है ।
उपर्युक्त में से कौन सा/से कथन सही है/हैं ?

(1) केवल a (2) a, b और c
(3) केवल b और c (4) केवल a और b

77. "भूगोल वह विषय है, जो पृथ्वी को मानव का घर मानते हुए उस पर एक स्थान से दूसरे स्थान पर पायी जाने वाली विभिन्नताओं की विशेषताओं की व्याख्या एवं वर्णन करता है ।" यह परिभाषा किसने दी थी ?

(1) रैटजेल (2) हार्टशोर्न
(3) हेटनर (4) ई.सी. सेम्पल

78. Which among the following industrial centres are located at the Great Lakes of USA ?

a. Chicago
b. Birmingham
c. Detroit
d. New York

Code :

(1) b, c and d
(2) a, b, c and d
(3) Only a and d
(4) Only a and c

79. Which among the following statement is not correct about the Kyoto Protocol ?

(1) It was an international agreement to reduce greenhouse gas emission.
(2) In it industrialized countries were to reduce their collective emission of greenhouse gases by 15.2% compared to year 1990.
(3) Developing countries were not legally bound to emission reduction targets initially in it.
(4) It was negotiated under the UNFCCC during meeting held at Kyoto in 1997.

80. Given below are two statements, one is labelled as Assertion (A) and the other as Reason (R) :

**Assertion (A) :** A map with a scale of 1 : 10,00,000 is larger in scale than a map with a scale of 1 : 50,000.

**Reason (R) :** As the denominator of the representative fraction increases, the area represented increase while the level of details decreases.

Select the correct answer using the codes given below :

**Code :**

(1) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).
(2) (A) is false, but (R) is true.
(3) (A) is true, but (R) is false.
(4) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).

78. निम्नलिखित में से कौन से औद्योगिक केन्द्र यू एस ए में महान झीलों के निकट अवस्थित हैं ?

a. शिकागो
b. बर्मिंघम
c. डेट्रायट
d. न्यूयॉर्क

कूट :

(1) b, c तथा d
(2) a, b, c तथा d
(3) केवल a तथा d
(4) केवल a तथा c

79. क्योटो प्रोटोकॉल के सम्बन्ध में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही नहीं है ?

(1) यह ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करने के लिए एक अन्तर्राष्ट्रीय समझौता था।
(2) इसमें औद्योगिक देशों को वर्ष 1990 की तुलना में अपने संयुक्त ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन 15.2% तक कम करना था।
(3) इसमें शुरुआत में विकासशील देशों को उत्सर्जन कम करने के लक्ष्यों हेतु कानूनी रूप से बाध्य नहीं किया गया था।
(4) यह 1997 में क्योटो में हुई बैठक के दौरान UNFCCC के तहत समझौता था।

80. नीचे दो कथन दिए गए हैं, जिनमें एक को अभिकथन (A) और दूसरे को कारण (R) कहा गया है :

**अभिकथन (A) :** 1 : 10,00,000 मापनी वाला मानचित्र 1 : 50,000 मापनी वाले मानचित्र की तुलना में वृहत मापनी का होता है।

**कारण (R) :** प्रतिनिधि भिन्न का हर बढ़ने पर प्रदर्शित क्षेत्र बढ़ता है तथा मानचित्र में विवरण का स्तर घट जाता है।

नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए :

**कूट :**

(1) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या करता है।
(2) (A) गलत है, किन्तु (R) सही है।
(3) (A) सही है, किन्तु (R) गलत है।
(4) (A) और (R) दोनों सही हैं, किन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं करता है।




Scanned with OKEN Scanner

81. Which statements about Positivism in Geography are correct ?
a. Seeks universal spatial laws.
b. Studies human behaviour objectively.
c. Basis of quantitative revolution
Select the correct answer using code given below :
**Code :**
(1) a and b only (2) b and c only
(3) a and c only (4) a, b and c

82. 'Migration of electorals directly affect the polling', this effect is called as :
(1) Issue voting effect (2) Campaign effect
(3) Neighbourhood effect
(4) Relocation effect

83. The 'Aerosols' in atmosphere contains :
(i) Gases
(ii) Solid particles
(iii) Liquid droplets
**Code :**
(1) Only (ii) (2) (i), (ii) and (iii)
(3) Only (i) and (iii) (4) Only (ii) and (iii)

84. **Statement (A) :** The lower the percentage of silica in a magma, the greater the fluidity.
**Reason (R) :** Silica molecules link together, they impede the flow of magma.
**Code :**
(1) (R) is true, but (A) is false.
(2) Both (A) and (R) are true and (R) is correct explanation of (A).
(3) Both (A) and (R) are true, but (R) is not correct explanation of (A).
(4) (A) is true, but (R) is false.

5. Which one of the following pairs is <u>not</u> correctly matched ?
**Concepts/Theories – Proponent**
(1) Optimum Population Theory – Saunders
(2) Inverse relation of Population density and fertility – Sadler
(3) Demographic Transition Theory – Ricardo
(4) Population growth influenced by Social improvement – Brentano

81. भूगोल में प्रत्यक्षवाद के संदर्भ में कौन से कथन सही हैं ?
a. यह सार्वभौमिक स्थानिक नियमों की खोज करता है ।
b. यह मानव व्यवहार का वस्तुनिष्ठ अध्ययन करता है ।
c. यह मात्रात्मक क्रान्ति का आधार है ।
नीचे दिए गए कूट का उपयोग कर सही उत्तर का चयन कीजिए ।
**कूट :**
(1) केवल a और b (2) केवल b और c
(3) केवल a और c (4) a, b और c

82. 'मतदाताओं का स्थानान्तरण मतदान को सीधा प्रभावित करता है', यह प्रभाव कहलाता है :
(1) मुद्दे आधारित मतदान प्रभाव
(2) अभियान प्रभाव (3) निकटवर्ती प्रभाव
(4) पुनःस्थिति प्रभाव

83. वायुमण्डल में 'एयरोसोल्स' में होता/होते है/हैं :
(i) गैसें
(ii) ठोस कण
(iii) तरल पदार्थ की बूँदें
**कूट :**
(1) केवल (ii) (2) (i), (ii) तथा (iii)
(3) केवल (i) तथा (iii) (4) केवल (ii) तथा (iii)

84. **कथन (A) :** मैग्मा में सिलिका का प्रतिशत जितना कम होगा उसकी तरलता/गतिशीलता उतनी ही अधिक होगी ।
**कारण (R) :** सिलिका के अणु एक साथ जुड़कर मैग्मा के प्रवाह को बाधित करते हैं ।
**कूट :**
(1) (R) सही है, किन्तु (A) गलत है ।
(2) (A) तथा (R) दोनों सही हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या है ।
(3) (A) तथा (R) दोनों सही हैं, किन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।
(4) (A) सही है, किन्तु (R) गलत है ।

85. निम्नलिखित युग्मों में से कौन सा युग्म सही सुमेलित <u>नहीं</u> है ?
**संकल्पना/सिद्धान्त – प्रवर्तक**
(1) इष्टतम जनसंख्या सिद्धान्त – सॉण्डर्स
(2) जनसंख्या घनत्व और प्रजनन दर में विपरीत संबंध – सैडलर
(3) जनांकिकीय संक्रमण सिद्धान्त – रिकार्डो
(4) सामाजिक सुधार से प्रभावित जनसंख्या वृद्धि – ब्रेनटानो



Scanned with OKEN Scanner

86. According to Christaller's Central Place Theory, what is meant by 'Threshold Population' ?

(1) Maximum population capacity of a city.

(2) Minimum population required to support a good and service.

(3) Total rural population in a region.

(4) Maximum distance consumers travel for a good or service.

87. A layer of sea water mass between the depth of 300 m to 1000 m wherein there is sharp change of density in the vertical section of sea water is called :

(1) Neotic zone (2) Pycnocline

(3) Halocline (4) Photic zone

88. Which among the following topography is not developed in 'Abesteigende entwickelung' as per Penck's model of cycle of erosion ?

(1) Haldenhang (2) Boschungen

(3) Inselberg (4) Piedmont treppen

89. Match List-I with List-II and select the correct answer using the code given below the lists :

| List-I (Book) | List-II (Author) |
|---|---|
| (i) Surveying and Levelling | (a) A. Mahmood |
| (ii) Statistical Methods in Geographical Studies | (b) R.N. Mishra and P.K. Sharma |
| (iii) Practical Geography : Methods and Techniques | (c) T.P. Kanetkar and S.V. Kulkarni |
| (iv) Maps and Diagrams : Their Compilation and Construction | (d) F.J. Monkhouse and H.R. Wilkinson |

Code :

(1) (i)-(b), (ii)-(d), (iii)-(a), (iv)-(c)

(2) (i)-(c), (ii)-(a), (iii)-(b), (iv)-(d)

(3) (i)-(a), (ii)-(c), (iii)-(d), (iv)-(b)

(4) (i)-(d), (ii)-(b), (iii)-(c), (iv)-(a)

86. क्रिस्टालर के केन्द्रीय स्थान सिद्धान्त के अनुसार, 'थ्रेशोल्ड जनसंख्या' का क्या अर्थ है ?

(1) किसी शहर की अधिकतम जनसंख्या क्षमता ।

(2) किसी वस्तु या सेवा को बनाये रखने के लिए आवश्यक न्यूनतम जनसंख्या ।

(3) किसी प्रदेश की कुल ग्रामीण जनसंख्या ।

(4) किसी वस्तु या सेवा के लिए उपभोक्ताओं द्वारा तय की जाने वाली अधिकतम दूरी ।

87. समुद्री जल में 300 मीटर से 1000 मीटर गहराई वाले भाग जिसमें सागरीय जल के ऊर्ध्वाधर भाग में घनत्व में तेजी से परिवर्तन होता है उस परत को कहते हैं :

(1) नियोटिक ज़ोन (2) पाइक्नोक्लाइन

(3) हैलोक्लाइन (4) फोटिक ज़ोन

88. पेंक के अपरदन चक्र मॉडल के अनुसार 'आबस्तीजिण्डे इण्टिवकलुंग' में निम्नलिखित में से कौन सी स्थलाकृति नहीं बनती है ?

(1) हाल्डेनहंग (2) बॉशचुजेन

(3) इन्सेलबर्ग (4) पीडमॉण्ट ट्रेपेन

89. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए :

| सूची-I (पुस्तक) | सूची-II (लेखक) |
|---|---|
| (i) सर्वेइंग एण्ड लेवलिंग | (a) ए. महमूद |
| (ii) स्टेटिस्टिकल मैथड्स इन ज्योग्राफिकल स्टडीज | (b) आर.एन. मिश्रा एवं पी.के. शर्मा |
| (iii) प्रैक्टिकल ज्योग्राफी : मैथड्स एण्ड टेक्नीक्स | (c) टी.पी. कानेटकर एवं एस.वी. कुलकर्णी |
| (iv) मैप्स एण्ड डायग्राम्स : देयर कम्पाइलेशन एण्ड कंस्ट्रक्शन | (d) एफ. जे. मॉकहाउस एवं एच.आर. विल्किनसन |

कूट :

(1) (i)-(b), (ii)-(d), (iii)-(a), (iv)-(c)

(2) (i)-(c), (ii)-(a), (iii)-(b), (iv)-(d)

(3) (i)-(a), (ii)-(c), (iii)-(d), (iv)-(b)

(4) (i)-(d), (ii)-(b), (iii)-(c), (iv)-(a)



Scanned with OKEN Scanner

90. **Statement (A) :** The maximum amount of insolation is received at about 20° north and south.
**Reason (R) :** Aridity and clear sky is found at these latitudes.
**Code :**
(1) Both (A) and (R) are true and (R) is correct explanation of (A).
(2) (A) is true, but (R) is false.
(3) Both (A) and (R) are true, but (R) is not correct explanation of (A).
(4) (R) is true, but (A) is false.

91. At the confluence of two rivers which type of rural settlement pattern usually develops ?
(1) Fan shaped
(2) Triangular shaped
(3) Semi-circular shaped
(4) Arrow shaped

92. Which of the following are characteristics of Mantle plumes ?
a. They may rise from the crust-mantle boundary.
b. They are hotter than the surrounding mantle.
c. They play an important role in plate tectonics.
Select the correct answer using the code given below :
**Code :**
(1) a, b and c
(2) a and b only
(3) a and c only
(4) b and c only

93. Match List-I with List-II and select correct answer using code given below :

| List-I (River) | List-II (Place of origin) |
|---|---|
| (a) Indus | (i) Near Rohtang Pass (Kullu Hills) |
| (b) Jhelum | (ii) Near Bara Lacha Pass |
| (c) Chenab | (iii) Near Mansarovar Lake |
| (d) Ravi | (iv) Verinag |

**Code :**
(1) (a)-(iii), (b)-(iv), (c)-(ii), (d)-(i)
(2) (a)-(iii), (b)-(ii), (c)-(iv), (d)-(i)
(3) (a)-(iii), (b)-(i), (c)-(ii), (d)-(iv)
(4) (a)-(ii), (b)-(iii), (c)-(i), (d)-(iv)

90. **कथन (A) :** सूर्यातप की अधिकतम मात्रा उत्तरी तथा दक्षिणी गोलार्द्ध में लगभग 20° अक्षांशों में प्राप्त होती है।
**कारण (R) :** इन अक्षांशों में स्वच्छ आकाश तथा शुष्कता पायी जाती है।
**कूट :**
(1) (A) तथा (R) दोनों सही हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या है।
(2) (A) सही है, किन्तु (R) गलत है।
(3) (A) तथा (R) दोनों सही हैं, किन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(4) (R) सही है, किन्तु (A) गलत है।

91. दो नदियों के संगम पर सामान्यतः किस प्रकार का ग्रामीण अधिवास प्रतिरूप विकसित होता है ?
(1) पंखाकार
(2) त्रिभुजाकार
(3) अर्द्ध-वृत्ताकार
(4) तीर का आकार

92. निम्नलिखित में से कौन सी मैंटल प्लूम की विशेषताएँ हैं ?
a. इनका उद्गम क्रस्ट-मैंटल सीमा के निकट माना जाता है।
b. इनका तापमान आसपास के मैंटल से अधिक होता है।
c. ये प्लेट विवर्तनिकी में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।
नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :
**कूट:**
(1) a, b और c
(2) केवल a और b
(3) केवल a और c
(4) केवल b और c

93. सूची-I का सूची-II के साथ मिलान कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर का चयन कीजिए :

| सूची-I (नदी) | सूची-II (उद्गम स्थल) |
|---|---|
| (a) सिन्धु | (i) रोहतांग दर्रे के पास (कुल्लू पहाड़ियाँ) |
| (b) झेलम | (ii) बारालाचा दर्रा के पास |
| (c) चिनाब | (iii) मानसरोवर झील के पास |
| (d) रावी | (iv) वेरिनाग |

**कूट :**
(1) (a)-(iii), (b)-(iv), (c)-(ii), (d)-(i)
(2) (a)-(iii), (b)-(ii), (c)-(iv), (d)-(i)
(3) (a)-(iii), (b)-(i), (c)-(ii), (d)-(iv)
(4) (a)-(ii), (b)-(iii), (c)-(i), (d)-(iv)



Scanned with OKEN Scanner

94. Which of the following are classified as General Regional Factors in Weber's Industrial Location Theory ?
a. Transport Cost
b. Industrial Agglomeration
c. Market Price
d. Labour Cost
Select the correct answer using the code given below :
**Code :**
(1) a, b and c (2) b and c
(3) a and d (4) b, c and d

95. Which one of the following is not one of the states covered under the Atal Bhujal Yojana ?
(1) Haryana (2) Karnataka
(3) Chhattisgarh (4) Rajasthan

96. Consider the following statements regarding HPCL Rajasthan Refinery Ltd. (HRRL) :
a. It is a Greenfield refinery-cum-petro chemical complex.
b. Its refining capacity is 75 MMTPA.
c. The equity participation of HPCL and the Government of Rajasthan is 70% and 30% respectively.
d. It is located at Pachpadra in Balotra district of Rajasthan.
Which of the above statements are not correct ?
(1) a and d only (2) b and c only
(3) a and b only (4) c and d only

97. Which of the following is not a part of the South Asian Cultural Realm according to cultural regionalisation of Spencer and Thomas ?
(1) Sinhali Region (2) Pakistan
(3) India (4) Vietnam

98. According to the Cohen (1982), which group of countries may emerge as World Power in the near future ?
(1) First grade powers (2) Isolated states
(3) Buffer states
(4) Second grade powers

94. वेबर के औद्योगिक अवस्थिति सिद्धान्त में निम्नलिखित में से कौन से सामान्य क्षेत्रीय कारकों के रूप में वर्गीकृत हैं ?
a. परिवहन लागत
b. औद्योगिक समूहीकरण
c. बाज़ार मूल्य
d. श्रम लागत
नीचे दिए गए कूट का उपयोग कर सही उत्तर का चुनाव कीजिए :
**कूट :**
(1) a, b और c (2) b और c
(3) a और d (4) b, c और d

95. निम्नलिखित में से कौन सा राज्य अटल भूजल योजना के अंतर्गत शामिल नहीं है ?
(1) हरियाणा (2) कर्नाटक
(3) छत्तीसगढ़ (4) राजस्थान

96. एच.पी.सी.एल. राजस्थान रिफाइनरी लिमिटेड (HRRL) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :
a. यह एक ग्रीनफील्ड रिफाइनरी-सह-पेट्रोकेमिकल परिसर है ।
b. इसकी रिफाइनिंग क्षमता 75 MMTPA है ।
c. एच.पी.सी.एल. तथा राजस्थान सरकार की इक्विटी भागीदारी क्रमशः 70% एवं 30% है ।
d. यह राजस्थान के बालोतरा जिले के पचपदरा में स्थित है ।
उपरोक्त में से कौन से कथन सही नहीं हैं ?
(1) केवल a और d (2) केवल b और c
(3) केवल a और b (4) केवल c और d

97. स्पेंसर एवं थॉमस के सांस्कृतिक प्रादेशीकरण के अनुसार, निम्नलिखित में से कौन सा दक्षिण एशियाई सांस्कृतिक परिमण्डल का भाग नहीं है ?
(1) सिंहली क्षेत्र (2) पाकिस्तान
(3) भारत (4) वियतनाम

98. कोहेन (1982) के अनुसार, निकट भविष्य में कौन सा देशों का समूह विश्व शक्ति के रूप में उभर सकता है ?
(1) प्रथम-क्रम की शक्तियाँ (2) पृथक राज्य
(3) बफर राज्य
(4) द्वितीय-क्रम की शक्तियाँ

99. The Indian Tsunami Early Warning Centre (ITEWC) functions under which of the following institutions ?

(1) Indian National Centre for Ocean Information Sciences (INCOIS), Hyderabad
(2) Indian Meteorological Department (IMD), New Delhi
(3) National Centre for Polar and Ocean Research (NCPOR), Goa
(4) National Institute of Ocean Technology (NIOT), Chennai

100. When the compressive forces are so strong that both the limbs of the fold become parallel as well as horizontal which type of fold will be formed ?

(1) Monoclinal
(2) Plunge
(3) Recumbent
(4) Overturned

101. Which one of the following is the characteristic feature of solfataras ?

(1) Volcanic mud and debris
(2) Pumice, scoria and bombs
(3) Basaltic lava and ash fall
(4) Gases and steam

102. Which of the following statements about Alexander von Humboldt are correct ?

a. Wrote Cosmos
b. Coined the term Lebensraum
c. Introduced isotherms
d. Recognised as an armchair Geographer.

Select the correct answer :

(1) b and c only
(2) a and d only
(3) b and d only
(4) a and c only

99. भारतीय सुनामी पूर्व चेतावनी केन्द्र (ITEWC) निम्नलिखित में से किस संस्था के अन्तर्गत कार्य करता है ?

(1) इण्डियन नेशनल सेंटर फॉर ओसियन इन्फॉर्मेशन साइंसेज (INCOIS), हैदराबाद
(2) इण्डियन मेटेरोलॉजिकल डिपार्टमेंट (IMD), नई दिल्ली
(3) नेशनल सेंटर फॉर पॉलर एण्ड ओसियन रिसर्च (NCPOR), गोवा
(4) नेशनल इन्सटिट्यूट ऑफ ओसियन टेक्नोलॉजी (NIOT), चेन्नई

100. जब अत्यधिक संपीडनात्मक बल के कारण वलन की दोनों भुजाएँ परस्पर समानान्तर होती हुई क्षैतिज दिशा में हो जाती हैं तो कौन सा वलन निर्मित होता है ?

(1) एकदिग्नत
(2) अवनमन
(3) शयान/परिवलित
(4) प्रतिवलन

101. निम्नलिखित में से सोल्फातारा की विशेषता कौन सी है ?

(1) ज्वालामुखीय पंक और मलबा
(2) प्यूमिस, स्कोरिया और बम
(3) बेसाल्टिक लावा और राख का गिरना
(4) गैसें और भाप

102. अलेक्जेंडर वॉन हम्बोल्ट के बारे में निम्नलिखित में से कौन से कथन सही हैं ?

a. 'कोसमॉस' के लेखक थे ।
b. 'लेबेनसराउम' शब्द का प्रतिपादन किया ।
c. समताप रेखाओं का परिचय करवाया ।
d. आर्मचेयर भूगोलवेत्ता के रूप में जाने जाते थे ।

सही उत्तर का चयन कीजिए :

(1) केवल b और c
(2) केवल a और d
(3) केवल b और d
(4) केवल a और c



Scanned with OKEN Scanner

103. Dear (1986) classified postmodernism into which among the following components ?
a. Postmodern style
b. Postmodern method
c. Postmodern percieved
d. Postmodern epoch
**Code :**
(1) Only b, c and d
(2) Only a, b and d
(3) Only c and d
(4) Only a and b

104. The line showing the economic return at varying distance from the market is known as –
(1) Isodapane curve
(2) Lorenz curve
(3) Transport curve
(4) Bid-rent curve

105. Which of the following statement correctly describes the functions of decomposers in an ecosystem ?
(1) They breakdown dead organic matter and recycling nutrients back into the abiotic environment.
(2) They consume living plants and animals at higher trophic level.
(3) They fix atmospheric nitrogen into ammonia for plant use.
